https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 15/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --523/2025
15 सितंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से टाटा मोटर्स लि० के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में टाटा मोटर्स लि० के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने टाटा मोटर्स लि० द्वारा हाइड्रोजन इंजन एवं इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी दी तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट से संबंधित कार्य योजना एवं अद्यतन गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया।

मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, ग्लोबल हेड-गवर्नमेंट पब्लिक अफेयर्स टाटा मोटर्स लि० श्री सुशांत चंद्रकांत नाईक, वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशन, श्री विशाल बादशाह, प्लांट हेड टाटा कमिंस श्री अनितेश मोंगा, गवर्नमेंट अफेयर्स टीम के श्री कनिष्क कुमार, सिद्धार्थ बक्शी, श्री जोकिम सलताना, फाइनेंस टीम के श्री पंकज पटवारी सहित अन्य उपस्थित रहे। ======#Team PRD(CMO)